



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

नवम्बर-2019

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## राष्ट्रीय एकता दिवस





● दिनांक 31.10.2019: उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा ''राष्ट्रीय एकता शपथ'' ग्रहण की गयी।

## गाँन्धी जयन्ती कार्यक्रम

● दिनांक 02.10.2019 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के प्रशिक्षण केन्द्र में 150वीं गाँन्धी जयन्ती 02 अक्टूबर 2019 को पारम्परिक सादगी से मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) श्री अनिल कुमार एवं श्री सत्य प्रकाश सिंह, राज्य रेडियो अधिकारी, श्री सुनील कुमार शुक्ला एवं श्री रवीन्द्र सिंह, अपर राज्य रेडियो अधिकारीगण, सहायक रेडियो अधिकारीगण, रेडियो निरीक्षकगण तथा अन्य स्टाफ ने राष्ट्रपिता, मोहनदास करमचन्द गाँन्धी जी के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण/पुष्पांजलि अर्पण किया। इस अवसर पर गाँन्धी जी के प्रिय भजन ''वैष्णव जन तो...............'' का भावपूर्ण गायन रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों ने किया।





उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) श्री अनिल कुमार ने इस अवसर पर उपस्थित स्टाफ को गाँन्धी जी के जीवन में महत्वपूर्ण घटनाओं एवं उनके महान् कालजयी व्यक्तित्व के बारे में विस्तार से बताया। गाँन्धी जी के प्रयोगों से वर्तमान परिदृश्य में प्रासंगिक स्वच्छता, मद्यनिषेध, नशामुक्ति, इत्यादि का अनुसरण करने तथा समाज में जागरुकता फैलाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

इस अवसर पर चतुर्थ श्रेणी/सफाई कार्मिकों को उपहार भी प्रदान किये गये।









## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 | |
| 19.10.2019 | रामपुर |
| 18.10.2019 | अलीगढ़, सहारनपुर |
| 16.10.2019 | वाराणसी, मऊ |
| 15.10.2019 | चित्रकूट |
| 05–09.10.2019 | गोरखपुर |
| 05.10.2019 | आगरा, बुलन्दशहर |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 24.10.2019 | मथुरा |
| 09–11.10.2019 | आगरा |
| मा0 राज्यपाल, गुजरात | |
| 10–11.10.2019 | वाराणसी |

- दिनांक 10.10.2019 : जनपद कन्नौज में समय रात्रि 0130 बजे ड्यूटीरत प्र0परि0/4378, रवीन्द्र कुमार को थाना बिल्हौर ने जरिये सीयूजी सूचना दी कि श्री गोविन्द वर्मा, जो बस नम्बर UP14D-1510 में सवार थे, उनका बैग बस में छूट गया है जिसमें लैपटॉप व जरुरी कागजात हैं। बस दिल्ली जा रही है, बस कन्नौज पहुँचने वाली है। ड्यूटीरत परिचालक ने सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सर्वसम्बन्धित को सूचित कर उपरोक्त सामान को कन्नौज में बस से प्राप्त करा लिया।
- जनपद आगरा में दिनांक 08.10.2019 को रामलीला मैदान पर आयोजित रावण दहन के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

## महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव 2019

- महाराष्ट्र में दिनांक 21.10.2019 को सम्पन्न विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2019 में उपयोग हेतु 700 एनालॉग स्टैटिक/मोबाइल वायरलेस सेट महाराष्ट्र पुलिस को उपलब्ध कराये गये।

## उत्तर प्रदेश विधान सभा उप-निर्वाचन 2019

- दिनांक 21.10.2019 को जनपद कानपुर, लखनऊ, सहारनपुर, अलीगढ़, बाराबंकी, चित्रकूट, बहराइच, प्रतापगढ़, रामपुर, एवं अम्बेडकरनगर में 11 विधान सभा क्षेत्रों में सम्पन्न उप–निर्वाचन कार्यक्रम के लिए उक्त जनपदों को कुल 769 स्टैटिक/मोबाइल वायरलेस सेट, 630 हैण्ड हेल्ड वायरलेस सेट, 80 12वोल्ट हैवी ड्यूटी बैट्री उपलब्ध करायी गयीं।

## महत्वपूर्ण अवसरों पर संचार व्यवस्था

| जनपद | अवधि | कार्यक्रम विवरण |
|---|---|---|
| अयोध्या | दिनांक 23.10.2019 से 27.10.2019 तक | दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान सीसीटीवी कैमरों के संचालन हेतु 02 डीवीआर एवं 08 स्टैबिलाइज़र उपलब्ध कराये गये। |
| बाराबंकी | दिनांक 15.10.2019 से 25.10.2019 तक | हाजी वारिश अली शाह देवा मेला के दौरान 05 स्टैटिक / मोबाइल वायरलेस सेट , 30 हैण्ड हेल्ड वायरलेस सेट, 04 सीसीटीवी कैमरे व 02 कलर मॉनीटर उपलब्ध कराये गये। |
| मऊ | दिनांक 03.10.2019 से 09.10.2019 तक | नवरात्रि/दशहरा/दुर्गा पूजा/भरत मिलाप के दौरान विभिन्न जनपदों से 16 रेडियो स्टाफ उपलब्ध कराया गया। |
| सुल्तानपुर | दिनांक 29.09.2019 से 14.10.2019 तक | दशहरा/दुर्गा पूजा/मूर्ति विसर्जन के दौरान 03 डीवीआर एवं 60 हैण्ड हेल्ड वायरलेस सेट उपलब्ध कराये गये। |

## आगामी महत्वपूर्ण ड्यूटियाँ

- जनपद हापुड़ में दिनांक 02.11.2019 से 14.11.2019 तक प्रस्तावित गढ़ मेला हेतु 55 स्टैटिक/ मोबाइल वायरलेस सेट, 140 हैण्ड हेल्ड वायरलेस सेट, एवं 35 12 वोल्ट हैवी ड्यूटी बैट्रियाँ उपलब्ध करायी गयीं।
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, प्रयागराज के पत्र संख्याः म–01/2019 दिनांक 16.10.2019 द्वारा माघ मेला 2019–20 में संचार व्यवस्था हेतु 180 स्टैटिक/मोबाइल वायरलेस सेट, 375 हैण्ड हेल्ड वायरलेस सेट, 125 12वोल्ट हैवी ड्यूटी बैट्री, 565 एनआईएमएच बैट्री तथा 187 रेडियो स्टाफ की माँग निम्न स्नान पर्वों हेतु की गयी है–

| क्र0 | स्नान पर्व | दिनांक | दिन |
|---|---|---|---|
| 1. | पौष पूर्णिमा | 10.01.2020 | शुक्रवार |
| 2. | मकर संक्रान्ति | 15.01.2020 | बुधवार |
| 3. | मौनी अमावस्या | 24.01.2020 | शुक्रवार |
| 4. | बसन्त पंचमी | 30.01.2020 | गुरुवार |
| 5. | माघी पूर्णिमा | 09.02.2020 | रविवार |
| 6. | महाशिवरात्रि | 21.02.2020 | शुक्रवार |

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 एवं पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के आदेश/निर्देश

- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–246–(35)–2019 दिनांक 26.10.2019 द्वारा श्रीराम जन्म भूमि/बाबरी मस्जिद पर माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन वाद में निकट भविष्य में सम्भावित निर्णय के परिप्रेक्ष्य में पूर्व से की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में वायरलेस बेस्ड पब्लिक एड्रेस सिस्टम के प्रयोग किये जाने के सम्बन्ध में कतिपय बिन्दुओं पर कार्यवाही कराये जाने हेतु समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश को निर्देशित किया गया है।
- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के रेडियोग्राम संख्याः डीजी–VIII–77(34) –2019 दिनांक 25.10.2019 द्वारा आगामी त्योहार एवं अयोध्या मामले के दृष्टिगत दिनांक 23.10.2019 से 30.11.2019 तक सभी प्रकार के अवकाश पर रोक लगाते हुए केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में आवश्यकता को देखते हुए समस्त ज़ोनल पुलिस, रेन्ज पुलिस, जिला पुलिस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रेलवे एवं सेनानायक द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–94(03)/2019 दिनांक 16.10.2019 द्वारा "मंथन–राज्य स्तीय महिला पुलिस कॉन्फ्रेंस" के आयोजन के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश प्रदान कर कॉन्फ्रेंस आयोजन हेतु निर्देशित किया गया है।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के रेडियोग्राम संख्याः एआरओएम–207/1/2019 दिनांक 29.10.2019 द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–246(35)–2019 दिनांक 26.10.2019 एवं अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एआरओएम–207/1/2019 दिनांक 11.10.2019 के क्रम में श्रीराम जन्मभूमि /बाबरी मस्जिद प्रकरण पर मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निकट भविष्य में निर्णय सुनाये जाने की सम्भावना के दृष्टिगत कानून एवं व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु उक्तानुसार निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर वायरलेस संचार व्यवस्था

को त्रुटिरहित एवं निर्विघ्न बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही/मानीटरिंग किये जाने हेतु समस्त रेडियो निरीक्षक/प्रभारी जनपद, समस्त फील्ड अपर राज्य रेडियो अधिकारी/सहायक रेडियो अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एआरओएम–207/1/2019 दिनांक 11.10.2019 द्वारा "राम जन्म भूमि/बाबरी मस्जिद परिसर, अयोध्या प्रकरण के सम्बन्ध में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शीघ्र सुनवाई पूर्ण होकर 01 माह में निर्णय आने की सम्भावना को देखते हुए कानून व्यवस्था की दृष्टि से प्रदेश के जनपद/ वाहिनी की पुलिस संचार व्यवस्था सुदृढ़ एवं निर्बाध संचालन बनाये रखने हेतु कतिपय बिन्दुओं पर दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में अक्टूबर–2019 में 384 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## वित्तीय प्रबन्धन हेतु मार्गदर्शन

- दिनांक 18.10.2019 : पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में कार्मिकों के सुरक्षित वित्तीय प्रबन्धन हेतु पंजाब नेशनल बैंक मेटलाइफ, हलवासिया, लखनऊ ब्रान्च से श्री शिरीन सक्सेना, ब्रान्च मैनेजर, श्री राजीव खरे, एक्ज़ीक्यूटिव बिज़नेस मैनेजर, श्री ललित जायसवाल, वरिष्ठ प्रबन्धक (बीमा) एवं श्री अम्बरीश सक्सेना, वरिष्ठ प्रबन्धक (बीमा) ने




कार्मिकों को बीमा, जमा, सुरक्षित निवेश एवं लाभ के सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट की तथा बाजार में उपलब्ध विकल्पों एवं पंजाब नेशनल बैंक द्वारा लॉन्च की गयी नयी बचत, बीमा योजनाओं के आयकर छूट तथा निश्चित बचत इत्यादि प्राविधानों के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया।

## प्रशिक्षण गतिविधियाँ

- मास्टर ट्रेड हैण्ड कोर्स प्रारम्भ कराये जाने से पूर्व 113 प्रधान परिचालकगण के, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर द्वारा ऑफलाईन एप्टीट्यूड टेस्ट प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 22.10.2019, 24.10.2019



एवं 25.10.2019 को सम्पन्न किये गये। सॉफ्टवेयर में टेस्ट पेपर तैयार करने तथा परीक्षा संचालन में रेडियो निरीक्षक, प्रशिक्षण श्री वी0के0 वर्मा एवं रेडियो निरीक्षक, श्री रुपक सिन्हा का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

- दिनांक 07.09.2019 : श्री एस0पी0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने कानपुर एवं बरेली ज़ोन के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।



## विविध

### सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से अक्टूबर–2019 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए निम्न 21 अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मान पत्र प्रदान करते हुए ससम्मान विदाई दी गयी–

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री राम किशोर यादव, मथुरा, 2. रेडियो निरीक्षक, श्री लाल बहादुर राम, वाराणसी, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जटा शंकर, प्रयागराज, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री यशवीर सिंह, मुरादाबाद, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रमेश चन्द्र, एमसीआर, लखनऊ, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री द्वारिका प्रसाद, बाराबंकी, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री आनन्द सिंह, प्रयागराज, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सैयद फहीम अहमद, बरेली, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री काजी इशतर उल्लाह, रेडियो मुख्यालय, लखनऊ, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जगत नारायण मिश्रा, रेडियो मुख्यालय, लखनऊ, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री घनश्याम सिंह, उन्नाव, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री आबाद अली, रेडियो मुख्यालय, लखनऊ, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राज धर तिवारी, मिर्जापुर, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सतीश कुमार वर्मा, कानपुर






देहात, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रमेश कुमार दीक्षित, खीरी, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री धीरेन्द्र कुमार सिंह, रेडियो मुख्यालय, लखनऊ, 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम दुलारे, बस्ती, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जय प्रकाश राय, गाजीपुर, 19. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम कुमार तिवारी, सुल्तानपुर, 20. प्रधान परिचालक /746, श्री गणेश शंकर यादव, कानपुर नगर, एवं 21. सहायक परिचालक/5343, श्री राजवीर सिंह, आगरा।

## वृक्षारोपण

- रेडियो निरीक्षक, श्री मनोज कुमार के निर्देशन में जनपद संतकबीर नगर में पुलिस रेडियो स्टाफ द्वारा श्रमदान कर कम्पोज़िट कण्ट्रोल रुम परिसर के चारों ओर स्वच्छता अभियान चलाया तथा फूल के पौधे 150, फलदार पेड़ 50 एवं छायादार पेड़ 40 का रोपण किया गया।

## साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह

- श्री मनोज पन्त, सचिव, राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के पत्रांक 5/1/2019–NFCH दिनांक 01.09.2019 द्वारा दिनांक 19.11.2019 से 25.11.2019 तक साम्प्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह एवं दिनांक 25.11.2019 को झण्डा दिवस मनाये जाने की अपेक्षा की गयी है।

## एकीकृत आपात सेवा 112 एवं सवेरा का शुभारम्भ

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

सवेरा

• दिनांक 26.10.2019 : मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र. योगी आदित्यनाथ ने एकीकृत राष्ट्रव्यापी आपात सेवा 112 एवं वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा पहल 'सवेरा' का शुभारम्भ किया। श्री असीम अरुण, एडीजी 112, ने 112 आपात सेवा की उन्नत तकनीक, बेहतर प्रक्रिया एवं संयुक्त कार्रवाई की जानकारी तथा सेवा 112 के ऐतिहासिक एवं भारत में प्रचलित करने हेतु विभिन्न संस्तुतियों को प्रस्तुतीकरण द्वारा बताया। मा. मुख्य मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य हेतु पीआरवी कमाण्डर/सब–कमाण्डर/सम्प्रेषण अधिकारी/संवाद अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

'सवेरा' हेतु 100 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने पंजीकरण कराया। आस्था हॉस्पिटल के डॉ. अभिषेक शुक्ल व डॉ वी.के. कपूर ने कैम्प में रक्त, ईसीजी, बीएमडी, रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जाँच की। डॉ. इन्दु सुभाष और उनकी संस्था गोल्डन ऐज हेल्पलाइन ने 112 के साथ कार्य करने पर सहमति दी।







## शहीदों को श्रद्धाँजलि

• दिनांक 21.10.2019 : पुलिस लाइन, लखनऊ में शहीद पुलिसजनों को श्रद्धाँजलि अर्पण हेतु आयोजित ''स्मृति दिवस परेड'' में श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने परेड का मान–प्रणाम ग्रहण किया। मुख्य अतिथि, मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., योगी आदित्यनाथ ने परेड की सलामी ली। तत्पश्चात् शहीद पुस्तिका सादरपूर्वक सलामी मंच पर रखी गयी। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने देशभर में 01 सितम्बर 2018 से 31 अगस्त 2019 तक शहीद हुए 292 पुलिसजनों के बारे में जानकारी दी। उ.प्र. के शहीद 5 पुलिसजनों के नाम पढ़े गये। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने वीर पुलिसजनों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया तथा ''स्मृति दिवस परेड'' की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि अर्थात, 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के जनहीन क्षेत्र में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवानों द्वारा शत्रु सेना से मातृभूमि की रक्षा करते हुए उनके बलिदान को याद किया।

शहीद पुस्तिका को शहीद स्मारक स्थल पर रखा गया तथा मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., मा. मंत्रीगण, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. एवं वरिष्ठ पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों तथा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धानवत पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन् किया। परेड ने शहीदों को सलामी दी तथा शोक प्रदर्शित किया। मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र. ने पुलिस द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की। मा. मुख्य मंत्री ने शहीद पुलिसजनों की पत्नियों/आश्रितों को एक–एक उपहार एवं 25–25 हजार रुपये नकद प्रदान किये। परेड में पीएसी, नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, एटीएस एवं एसडीआरएफ की कुल 12 टुकड़ियाँ सम्मिलित हुईं। उक्त अवसर पर ध्वनि विस्तारण यन्त्रों की व्यवस्था एवं उनका संचालन उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा किया गया।



मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

प्रतियाँ – 300